मुख्यमंत्री निःशुल्क दवा योजना

RAJASTHAN RMSC MEDICAL SERVICES CORPORATION
।।सर्वे सन्तु निरामयाः।।
(Government of Rajasthan undertaking)

# राजस्थान चिकित्सा सेवा निगम

स्वास्थ्य भवन, तिलक मार्ग, सी–स्कीम, जयपुर 302005

फोन नः 0141–2228066, फैक्स नः 0141–2228065 ई–मेल : mdrmsc@nic.in

CIN:U24232RJ2011SGC035067 Website: www.rmsc.health.rajasthan.gov.in

क्रमांक : प.05(पीएफ) / आरएमएससी / क्यू.सी. / 2025-26 / 1827 दिनांक : 07/11/2025

## आदेश

M/s Arion Healthcare,Vill, Kishanpura, Baddi, Distt. Solan -174101(H.P.) से निविदा क्रमांक F.02(392)/RMSCL/PROCUREMENT/DRUG/NIB- 01/2024/96 दिनांक 12.01.2024 के तहत् औषधि Ciprofloxacin 0.3 w/v and Dexamethasone 0.1w/v. Eye Drops/Ear Drops [585] की आपूर्ति हेतु दर अनुबन्ध किया गया था। दर अनुबन्ध के आधार पर फर्म को उक्त औषधि आपूर्ति करने हेतु क्रय आदेश क्रमांक 4393 दिनांक 20.09.2024 जारी किया गया था।

उक्त क्रय आदेश की पालना में आपूर्ति की गयी औषधि को राजस्थान चिकित्सा सेवा निगम की अधिकृत प्रयोगशाला से जाँच कराये जाने पर औषधि के बैच संख्या S4J036 व S4J038 गुणवत्ता (Assay) में अमानक कोटि के पाये गये जो कि Not of Standard Quality (Spurious or Adulterated) की श्रेणी में हैं।

उक्त दोनों बैच को पुनः जांच हेतु राजकीय औषधि परीक्षण प्रयोगशाला को प्रेषित किया गया। राजकीय औषधि परीक्षण प्रयोगशाला की जाँच में औषधि के उक्त दोनों बैच में से बैच संख्या S4J036 में फर्म द्वारा क्लेम की गई मात्रा के मुकाबले Dexamethasone की मात्रा 49.3% पाई गई व द्वितीय बैच S4J038 में फर्म द्वारा क्लेम की गई मात्रा के मुकाबले Dexamethasone की मात्रा 63.92% पाई गई, जो कि निर्धारित मानकों के अनुसार नहीं है एवं Not of Standard Quality (Spurious or Adulterated) की श्रेणी में हैं।

अमानक कोटि की रिपोर्ट प्राप्त होने पर प्रकरण को अनुशासनात्मक समिति की बैठक दिनांक 28.10.2025 में रखा गया। फर्म को दिनांक 17.10.2025 को नोटिस जारी कर सुनवाई के लिये अवसर दिया गया, परन्तु समिति के समक्ष फर्म का कोई प्रतिनिधि उपस्थित नहीं हुआ न ही फर्म की ओर से कोई प्रत्युत्तर प्राप्त हुआ।

राजकीय औषधि परीक्षण प्रयोगशाला द्वारा औषधि के उक्त दोनों बैच को Spurious or Adulterated की श्रेणी में अमानक कोटि के घोषित किये गये है। फर्म द्वारा अमानक कोटि की औषधि आपूर्ति की गई है जो कि औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम 1940 एवं नियमावली 1945 के प्रावधानों एवं राजस्थान चिकित्सा सेवा निगम की विवर्जन संबन्धी गाइडलाइन के क्लॉज 4.8 एवं 11 (ii) के तहत Not of Standard Quality (Spurious or Adulterated) की श्रेणी में हैं। निविदा की शर्त संख्या Section (V)(3) Quality Testing एवं Section (VII)(A)(E) Quality Control Deduction & Other Penalties के अनुसार निविदादाता द्वारा आपूर्ति की गई औषधि के सैम्पल गुणवत्ता मानकों अनुसार नहीं पाये जाने पर विवर्जन संबन्धी दिशा-निर्देशो (Guidelines for Blacklisting/Debarring) के सम्बन्ध में जारी निर्देश क्रमांक F.5/RMSC/QC/Test/2018-19/952 दिनांक 28 / 08 / 2018 के क्लॉज 4.8 एवं 11 (ii) के अनुसार कार्यवाई किये जाने का प्रावधान है। डिबारींग गाइडलाइन के क्लॉज संख्या 4.8 एवं 11 (ii) क्रमशः निम्नानुसार हैः–

**4.8** In case, any sample (even one batch) is declared as **Not of Standard Quality** by an empanelled lab or Govt. Lab which falls in **Spurious or Adulterated** category and

Signature valid
Digitally signed by Pukhraj Sen
Designation: Managing Director
Date: 2025.11.07 17:49:15 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 18681792
eSign 1.0

such failure is further confirmed by Govt. Lab during its entire shelf life, the **Company** shall be liable for debarring for a period of **not less than 5 years.**]

**11(ii):-**On the basis of quantitative analysis (Assay), the NOSQ drug shall be distinguished in the following manner :-

| Category of NOSQ drugs | Active ingredient content (Assay) | |
|---|---|---|
| | Thermo stable | Thermolabile |
| Minor | Upto 5% less than the prescribed lower limit | Above 70% to the prescribed lower limit |
| Grossly Substandard | Below 5% of the prescribed lower limit to 50% | 70% to 40% |
| Spurious | Below 50% | Below 40% |

अतः निविदा की शर्त संख्या Section (V)(3) Quality Testing एवं Section (VII)(A)(E) Quality Control Deduction & Other Penalties के उल्लंघन के दोषी होने के कारण विवर्जन संबन्धी दिशा-निर्देशा (Guidelines for Blacklisting/Debarring) के सम्बन्ध में जारी निर्देश क्रमांक F.5/RMSC/QC/Test/2018-19/952 दिनांक 28/08/2018 के क्लॉज 4.8 एवं 11 (ii) के तहत निगम की अनुशासनात्मक समिति की बैठक दिनांक 28.10.2025 की अनुशंषा के आधार पर निर्माता फर्म M/s Arion Healthcare, ViII, Kishanpura, Baddi, Distt. Solan-174101 (H.P.) को यह आदेश जारी करने की तिथि से 05 वर्ष (60 Month) वर्ष के लिए विवर्जित (Debar) किया जाता है।

इस आदेश का पूर्व में जारी किये गये क्रयादेश/क्रय की गई अथवा प्रतिस्थापित (Replacement) प्रश्नगत औषधि, जो गुणवत्ता के मानकों के अनुरूप पाई गई हो, पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं होगा।

**(पुखराज सैन)**
**आई.ए.एस**
**प्रबन्ध निदेशक**

क्रमांक : प.05(पीएफ)/आरएमएससी/क्यू.सी./2025-26/1827 दिनांक : 07/11/2025

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :

1. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, राजस्थान, जयपुर।
2. निजी सचिव, चिकित्सा शिक्षा विभाग, राजस्थान, जयपुर।
3. निजी सहायक, मिशन निदेशक,एन.एच.एम. राजस्थान, जयपुर।
4. निजी सहायक, आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियत्रंण, निदेशालय, राजस्थान, जयपुर।
5. निजी सहायक, प्रबन्ध निदेशक, आर.एम.एस.सी.।
6. निजी सहायक, निदेशक,पी.एच/आर.सी.एच./एच.ए/ए.आई.डी.एस./एम.एस.यू. चिकित्सा एवं स्वा. निदेशालय, राजस्थान, जयपुर।
7. निजी सहायक, औषधि महानियंत्रक, भारत, नई दिल्ली।
8. निजी सहायक, औषधि नियंत्रक, राजस्थान/हिमाचल प्रदेश ।
9. विशेषाधिकारी, आर.एम.एस.सी.।
10. कार्यकारी निदेशक (प्रोक्योरमेन्ट)/वित्त/एल/ई.पी.एम एवं उप.नि. (आई.टी) आर.एम.एस.सी.।
11. समस्त प्रभारी अधिकारी, जिला औषधि भण्डार, राजस्थान।
12. M/s Arion Healthcare,ViII,Kishanpura,Baddi, Distt. Solan -174101(H.P.)
13. आदेश पत्रावली।

प्रबन्ध निदेशक

Signature valid
Digitally signed by Pukhraj Sen
Designation: Managing Director
Date: 2025.11.07 1?:49:15 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 18681792
eSign 1.0